ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहॉपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 21.03.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- जिला प्रशासन एवं नगर निगम,शाहजहॉपुर तत्वाधान में उ0प्र0 सरकार के सफलतम 04 वर्ष, रिफार्म, परफार्म तथा ट्रांसफॉर्म का कार्यक्रम आज दिनांक 21.03.2021 को गॉधी भवन प्रेक्षागृह मे किया गया आयोजन।

1. जिला प्रशासन एवं नगर निगम,शाहजहॉपुर तत्वाधान में नगर निगम द्वारा उ0प्र0 सरकार के सफलतम 04 वर्ष, रिफार्म, परफार्म तथा ट्रांसफॉर्म का कार्यक्रम आज दिनांक 21.03.2021 को गॉधी भवन प्रेक्षागृह मे आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष श्री अरुण कुमार गुप्ता द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। श्री अरुन कुमार गुप्ता द्वारा उ0प्र0 सरकार के 04 वर्षो की उपलब्धियों एवं सभी सरकारी योजनाओ के बारे विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया, इसके साथ ही उ0प्र0 सरकार के सफलतम 04 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को शुभकामनाये दी एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा जनहित के लिये चलाई जा रही सरकारी योजनाओ के विषय में विस्तारपूर्वक अवगत कराकर लोगो को जागरूक किया गया। इसके साथ ही अवगत कराया गया कि उ0प्र0 सरकार द्वारा टीमवर्क के रूप में कार्य किया गया। गॉव–गॉव व घर–घर तक शौचालये बनाने का भी कार्य किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा उ0प्र0 सरकार द्वारा जनहित के लिये चलाई जा रही योजनाओ का अधिक से अधिक लाभ उठाये जाने एवं मा0 प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही पीएम स्वनिधि योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने को आत्मनिर्भर बनाये जाने की अपील की गई। उ0प्र0 सरकार के सफलतम 04 वर्ष होने पर मुख्य अतिथि श्री अरुण कुमार गुप्ता व नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा बैंक की ओर से विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे– प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना– आशीष , मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना–अरुनेश, वन डिस्ट्रिक वन उत्पाद (ओ0डी0ओ0पी0)– मो0 तारिक,मो0 अनीस, मो0 फैसल, आफरीन, शगुफता,निदा खान,कहकशा,श्रीमती बिन्नी, पिंकी, रामलली एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत–श्री राजू,मो0 कामिल, श्री अभिषेक कश्यप, श्री राकेश कश्यप, श्री हरी शंकर, श्री राना बाबू, श्री दिनेश कुमार, श्री देशराज, पीएम स्वनिधि योजना के तहत पथ विक्रेताओं अभिनय,कविता,अंकित,राज कुमार सक्सेना,मो0 दिलशाद, विजय बहादुर, कुलदीप मिश्रा को स्वीकृत ऋण लाभार्थियों को ऋण प्रदान किये एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई तथा एवं वाणिज्य कर विभाग उ0प्र0 की ओर से श्री रवि गोयल,श्री दीपक सूद,श्री ओम देव गुप्ता, श्री जगजीत सिंह माटा, श्री सैम्य अग्रवाल,श्री प्रमोद अग्रवाल को प्रशस्ति प्रमाण–पत्र वितरित किये गये। इस मौके पर गॉधी भवन प्रांगण में विभिन्न सरकारी योजना से सम्बन्धित स्टाल लगाये गये तथा नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के दृष्टिगत कचरे के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु गॉधी भवन परिसर में स्टॉल लगाकर होम कम्पोस्टिंग के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरुण कुमार गुप्ता, नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती, श्री अंगद गुप्ता, कर एवं राजस्व निरीक्षक तथा वं तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण एवं व्यापार मण्डल के महानगर के अध्यक्ष श्री सचिन बाथम, बैंक के अधिकारी कर्मचारीगण तथा नगर के सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 इन्दू अजनवी द्वारा किया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।